दिन– सोमवार दिनांक– 16/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में तैयारियों की समीक्षा की।

02. गंगा नदी में जलमार्ग परिवहन के विकास के लिए आज पटना में पहली बार हो रहा है कार्यशाला का आयोजन। केंद्रीय जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल करेंगे अध्यक्षता।

03. अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले अस्सी मृतकों की पहचान की पुष्टि हुई। तैंतीस शव परिजनों को सौंपे गए।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। दक्षिण बिहार बनी हुई है उमस भरी गर्मी की परिस्थिति।

---

जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चौंतीस लाख संगणक और सुपरवाइजर तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना कर्मी अत्याधुनिक मोबाईल डिजिटल उपकरणों के साथ यह अभियान संचालित करेंगे। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पत्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य विवरण दर्ज किया जाएगा। स्वतः संगणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। डेटा संग्रह और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े उपाय किये जाएंगे।

---

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले अस्सी मृतकों की पहचान की पुष्टि हुई है। इनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं। अहमदाबाद

सिविल अस्पताल के अपर अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने मीडिया को बताया कि अबतक तैंतीस शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

———बाइट———

---

इधर, अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की पहली बैठक आज दोपहर नई दिल्ली में होगी। केन्द्रीय गृह सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

---

गंगा नदी पर वाराणसी से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या एक के विकास पर केंद्रित एक परामर्श कार्यशाला आज पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल पटना में राष्ट्रीय जलमार्गों पर पहली बार हो रही वार्ता की अध्यक्षता करेंगे। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता....

———रिपोर्ट———

जल मार्ग विकास परियोजना के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण इस कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला जल परिवहन के माध्यम से माल ढुलाई और यात्री परिवहन के लिए गंगा नदी पर राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या – एक का उपयोग करने पर पहली नीतिगत वार्ता है। इस बैठक का मुख्य उद्देशय गंगा नदी के किनारे राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या – एक के वाराणसी–हल्दिया खंड पर माल ढुलाई को बढ़ाना है। कार्यशाला के दौरान इस परियोजना में हितधारकों बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के नीति–निर्माताओं के बीच अंतर–मंत्रालयी चर्चा होगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, बिहार की परिवहन मंत्री शीला कुमारी, और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के इस बैठक में शामिल होने की संभावना है। बैठक में राज्य और केंद्र दोनों सरकारों के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मीठापुर–महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन करेंगे। इस सड़क के चालू हो जाने से दक्षिण बिहार के विभिन्न हिस्सों में आना–जाना आसान हो जाएगा। लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। पथ निर्माण विभाग के अनुसार इस रोड के निर्माण पर ग्यारह सौ पांच करोड़ रूपये की लागत आयी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन के साथ–साथ स्थानीय सांसद मीसा भारती और रविशंकर प्रसाद भी उपस्थित रहेंगे।

---

केंद्र सरकार ने बिहार में बैट्री ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के लिए एक सौ पैंतीस करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। इसकी क्षमता पांच सौ मेगावाट प्रतिघंटे की होगी। राज्य के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि इस परियोजना से चौबीसो घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही पीक आवर के दौरान मांग और आपूर्ति के मध्य संतुलन भी बना रहेगा। उन्होंने बताया कि पंद्रह ग्रिड सब–स्टेशन को इस परियोजना के तहत शामिल किया गया है।

---

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बिहार कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर के वैज्ञानिकों ने बाईस जिले में किसानों के साथ संवाद किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दुनिया राम सिंह ने बताया कि पंद्रह दिवसीय अभियान के दौरान किसानों से एक लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने काम शुरू कर दिया है।

---

निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन–सिक्सटी नाम से एक विशेष अभियान की शुरूआत करेगा। इस अभियान के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान वाले साठ बूथों की पहचान की जायेगी। इन केंद्रों पर विशेष प्रयास के जरिए मतदान प्रतिशत को छियासठ प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। पटना जिले में आठ सौ चालीस ऐसे केंद्रों की पहचान की गई है, जहां इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से लगभग दस प्रतिशत कम रहा है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में मॉनसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। विभाग ने आज किशनगंज और पश्चिम चंपारण में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। जिले के पोठिया में सबसे अधिक एक सौ छब्बीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुयी है। वहीं, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, भागलपुर, गया, रोहतास और पश्चिम

चंपारण जिले में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। इधर, दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी हुई है।

---

प्रदेश के सरकारी मध्य विद्यालयों में कम्प्यूटर की कक्षाएं संचालित होंगी। इससे संबंधित शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने सहमति दे दी है। पहले चरण में इकतीस हजार दो सौ सत्तानवे मध्य विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई शुरू करने का लक्ष्य है।

---

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में अब महीने में तीन दिन प्रसवपूर्व जांच होगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने बताया कि प्रत्येक महीने की नौ, पंद्रह और इक्कीस तारीख को प्रसवपूर्व जांच अभियान चलाया जाएगा। पहले महीने में दो दिन जांच की व्यवस्था थी।

---

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। जिले में कोविड संक्रमितों की संख्या बढ़कर छियासी हो गयी है। इनमें से साठ मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गए है। वहीं, छब्बीस मरीजों का होम आईसोलेशन में इलाज चल रहा है।

---

हरियाणा के फरीदाबाद से समस्तीपुर आ रही एक एम्बुलेंस अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर दुर्घनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में समस्तीपुर के तीन और हरियाणा के दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर ही हुए एक अन्य सड़क हादसे में मुंगेर जिले के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हुयी सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई।

---

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

दरभंगा के लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बंगाली टोला से मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक यादव के पुत्र विभूति यादव के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में लहेरियासराय थाने में गुमशुदगी का सनहा दर्ज किया गया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के नवलपुर थाना क्षेत्र के पिपरपाती गांव में एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिले के कुदरा में अपराधियों ने एक महिला पुलिसकर्मी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पुलिसकर्मी का वाराणसी में इलाज चल रहा है।

---

सारण जिले के मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी पर पुलिस की छवि धूमिल करने और कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप है।

---

मधुबनी जिले के अररिया संग्राम थाना क्षेत्र के नवानी गांव में सुपेन नदी में नहाने के दौरान डूबने से भाई–बहन की मौत हो गयी।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकिनगर टाईगर रिजर्व के वन प्रमंडल–दो के अंतर्गत त्रिवेणी केनाल के किनारे एक बच्चे पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

---

नई दिल्ली के आर.के. पुरम में बिजली के तार की चपेट में आने से मधुबनी जिले के दो युवकों की मौत हो गयी।

---

पटना पुलिस ने कुख्यात टिकटिक गिरोह के पांच सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की हत्या, लूट और रंगदारी समेत कई मामलों में तलाश थी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने ईरान और ईजराइल के बीच जारी तनाव को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – तेहरान से तेल अवीव तक तबाही, हमले और तेज हुए। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – केदारनाथ से तीर्थ यात्रियों को ला रहा हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सात की मौत। **दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – राजगीर में देश का चौथा शेर प्रजनन केंद्र बनेगा। राजगीर जू–सफारी में तीन साल में शेर की संख्या पांच से बढ़कर ग्यारह हुई। **प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – निवेशकों को राज्य में फैक्ट्री लगाने के लिए कर रहे प्रोत्साहित। **राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – मंगनी लाल मंडल राजद के प्रदेश अध्यक्ष बने। **आज अखबार** ने लिखा है – लालू से एससी कमीशन ने मांगा जवाब, मुकदमे की चेतावनी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में तैयारियों की समीक्षा की।
02. गंगा नदी में जलमार्ग परिवहन के विकास के लिए आज पटना में पहली बार हो रहा है कार्यशाला का आयोजन। केंद्रीय जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल करेंगे अध्यक्षता।
03. अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले अस्सी मृतकों की पहचान की पुष्टि हुई। तैंतीस शव परिजनों को सौंपे गए।
04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। दक्षिण बिहार बनी हुई है उमस भरी गर्मी की परिस्थिति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।